# गुरु नानक कॉलेज, धनबाद

## विशेष अभिनंदन समारोह का आयोजन

दिनांक 20-04-25, दिन रविवार को गुरु नानक कॉलेज धनबाद के मेन कैंपस के एस जे एस ग्रेवाल ऑडिटोरियम में प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद के संरक्षण में "बैसाखी दा मेला" कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करके कॉलेज का नाम रोशन किया।3 मार्च 2025 से 7 मार्च 2025 तक एमिटी यूनिवर्सिटी यूपी, नोएडा कैंपस में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव, उत्सव 2025 में विभिन्न टीमों ने भाग लिया, जिनमें बी.बी.एम.के. की सांस्कृतिक टीम भी शामिल थी। विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक टीम ने 7 स्पर्धाओं में पुरस्कार प्राप्त किये। इस टीम में गुरुनानक कॉलेज, धनबाद के प्रतिभागियों ने चार स्पर्धाओं में पुरस्कार जीते। पांच दिनों के दौरान, भारत भर के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिभागियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। गुरु नानक कॉलेज, धनबाद के 20 छात्रों ने विश्वविद्यालय टीम में प्रतिनिधित्व किया। इनमें हमारे छात्रों ने ग्रुप सॉन्ग इंडियन में तीसरा, वन एक्ट में तीसरा, माइम में तीसरा और एलोक्यूशन में पांचवां स्थान हासिल किया। इनके अलावा रिया गुप्ता ने विकसित भारत युवा संसद 2025 में शॉर्ट डिस्कशन में बेस्ट स्पीकर का अवार्ड भी जीता। अपने स्वागत भाषण में प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने यह भी कहा कि छात्र-छात्राओं को विशेष कार्यक्रम में समाज के लोगों की उपस्थिति में विशेष सम्मान देने का मकसद छात्रों का एकेडमिक्स के साथ-साथ सह पाठयक्रम गतिविधियों में भी रुझान बढ़े।  कॉलेज शासी निकाय के अध्यक्ष सरदार आर एस चाहल ने आशीष देते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि कॉलेज के छात्र-छात्राओं में प्रतिभा कूट-कूट कर भरी है। इस तरह के सम्मान समारोह आयोजित करने से छात्र दुगनी ऊर्जा से अपना प्रदर्शन करेंगे । कॉलेज शासी निकाय के सचिव सरदार दिलजान सिंह ग्रेवाल ने छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि  कॉलेज के छात्र ऐसे ही उम्दा प्रदर्शन जारी रखें।। कार्यक्रम में मंच का संचालन डॉ मीना मालखंडी द्वारा किया गया और औपचारिक धन्यवाद ज्ञापन कॉलेज शासी निकाय के सचिव सरदार डी एस ग्रेवाल ने किया। मौके पर कॉलेज शासी निकाय के सदस्य, बड़ा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य, सिख समुदाय के लोग, शक्ति मंदिर समिति के सदस्य गण, कॉलेज के पूर्ववर्ती छात्र, एनएसएस वॉलिंटियर्स, एनसीसी कैडेट्स, कॉलेज के शिक्षक, शिक्षकेत्तर कर्मचारी और कॉलेज के छात्र मौजूद थे।


GURU NANAK COL
(A Sikh Minority Degree College
BBMK University, Dha
TIMEX


GURU NANAK COLLEGE, DH
(A Sikh Minority Degree College | Affilia
University, Dhanbad)
NAAC Accredit
Presents
TIMEX


RU NANAK CO
LEGE,
BAD
(A Sikh Minority Degree College
BBMK University,
Grade
TIMEX
MITESH SRIVASTAV
ਮੇਲਾ


GURU NANAK COLL
DHANBAD
NAAC Accredited 'B'
Presents
TIMEX


TIMEX


TIMEX


GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
TIMEX


GURU NANAK COLLEGE, DHANBAD
(A Sikh Minority Degree College
BBMK University, Dhanbad)
TIMEX


GURU NANAK COLL
EGE, DHANBAD
Presents


GURU NANAK CO
EGE, DHANBAD
TIMEX


GURU NANAK CO
EGE, DHAN
TIMEX


U NANAK CO
EGE, DHANBAD
US, BHUDA, DHANBA


GURU NANAK COLLEGE,
Accredited 'B' Grade
TIMEX


GURU NANAK
DHANBAD
TIMEX


COLLEGE, DHANBAD
Affiliated to BBMK University, Dhanbad)
NAAC Accredited 'B' Grade
Presents
Time:- 4:00-6:00 PM
MAIN CAMPUS, BHUDA,
TIMEX


GURU NANAK
Mela
TIMEX


TIMEX


GURU NANA
LEGE, DHANBAD


TIMEX
US, BHUDA, DHANBA


GURU NANAK C LEGE, DHANBAD
TIMEX

# NEWS CLIPING

जीएन कॉलेज में सांस्कृतिक संध्या मेला बैसाखी दा का हुआ आयोजन

## पंजाब की परंपराओं व संस्कृति की दी प्रस्तुति



धनबाद । गुरु नानक कॉलेज, धनबाद में बैसाखी पर्व मनाया गया। इस दौरान एक सांस्कृतिक संध्या मेला बैसाखी दा में कॉलेज के सांस्कृतिक विभाग के सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने गीतों और नृत्यों के माध्यम से पंजाब की विविध परंपराओं और संस्कृति को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में कुल 14 लोकगीतों और नृत्य की प्रस्तुतियां हुई। शुरुआत प्राचार्य डॉ. संजय प्रसाद के स्वागत भाषण से हुई। कॉलेज के अध्यक्ष सरदार आरएस चहल ने ऐसे कार्यक्रमों की प्रासंगिकता पर विचार साझा किए। कॉलेज की वार्षिक पत्रिका का चौथा संस्करण बैसाखी-2025 का विमोचन किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ मीना मालखंडी और निष्ठा सुद ने किया। शासी निकाय के सचिव सरदार डीएस ग्रेवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

DAINIK BHASKAR

DATED :- 21-04-25

## 'मेला बैसाखी दा' में सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम

गुरुनानक कॉलेज

- राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित



मुख्य संवाददाता, धनबाद

गुरुनानक कॉलेज भूदा कैंपस में सांस्कृतिक संध्या 'मेला बैसाखी दा' का आयोजन किया गया. इसमें कॉलेज के सांस्कृतिक विभाग के सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने नृत्य व गीत के माध्यम से पंजाब की विविध परंपराओं और संस्कृति को जीवंत कर दिया. इसकी शुरुआत प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद के स्वागत भाषण से हुई. अध्यक्ष सरदार आरएस चहल ने ऐसी समृद्ध संस्कृति का जश्न मनाने और उससे जुड़ने के लिए ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की प्रासंगिकता पर अपने विचार रखे. कार्यक्रम में वार्षिक पत्रिका का चौथा संस्करण 'बैसाखी-2025' का विमोचन किया गया. वहीं कॉलेज के उन छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से कॉलेज का नाम रोशन किया. कार्यक्रम के प्रथम सत्र का संचालन डॉ मीना मालखंडी ने किया. कल्चरल सत्र का संचालन निष्ठा सुद ने किया. गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सह कॉलेज शासी निकाय के सचिव सरदार डीएस ग्रेवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया. कार्यक्रम में सरदार मंजीत सिंह सलूजा, सरदार तेजपाल सिंह, सरदार मंजीत सिंह, सरदार गुरचरण सिंह मांजा, सरदार राजेंदर सिंह एवं सरदार सत्येंद्र सिंह मेहता, कॉलेज शासी निकाय के सदस्य (अकादमिक) एवं कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो पी शेखर, गुरुगोबिंद सिंह स्टडी सर्किल धनबाद के सदस्य, बीबीएमकेयू के भूतपूर्व छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष, डॉ देवजानी विश्वास एवं डॉ एसके सिन्हा, डॉ शर्मीला बनर्जी सहित कॉलेज के सभी शिक्षक व शिक्षकेतर कर्मी आदि मौजूद थे.

PRABHAT KHABAR

DATED :- 21-04-25

हिन्दुस्तान www.livehindustan.com — अपना धनबाद

## जीएन कॉलेज के वैशाखी उत्सव में दिखी पंजाब की संस्कृति



गुरुनानक कॉलेज में रविवार को वैशाखी उत्सव में भांगड़ा करते छात्र।



गुरुनानक कॉलेज में रविवार को आयोजित वैशाखी उत्सव में गिद्दा करतीं छात्राएं।

धनबाद, प्रमुख संवाददाता। वैशाखी पर्व के अवसर पर रविवार की शाम गुरुनानक कॉलेज के भूदा कैंपस स्थित एसजेएस ग्रेवाल ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक संध्या मेला वैशाखी दा का आयोजन किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में कॉलेज के सांस्कृतिक विभाग के विद्यार्थियों ने गीत-नृत्यों से पंजाब की विविध परंपराओं और संस्कृति को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में कुल 14 लोकगीतों और नृत्य की प्रस्तुतियां हुईं। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुनानक कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय प्रसाद के स्वागत भाषण से हुई। कॉलेज के अध्यक्ष सरदार आरएस चाहल ने अपनी समृद्ध संस्कृति का जश्न मनाने और उससे जुड़ने के लिए ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की प्रासंगिकता पर अपने विचार साझा किए। मौके पर कॉलेज की वार्षिक पत्रिका के चौथे संस्करण वैशाखी का विमोचन किया गया।

इस दौरान उन छात्र-छात्राओं को विशेष सम्मान से नवाजा गया, जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के द्वारा कॉलेज का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र का संचालन डॉ मीना मालखंडी और कल्चरल सत्र का संचालन निष्ठा सूद ने किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, बड़ा गुरुद्वारा, धनबाद के अध्यक्ष सह कॉलेज शासी निकाय के सचिव सरदार डीएस ग्रेवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से सरदार मंजीत सिंह सलूजा, सरदार तेजपाल सिंह, सरदार मंजीत सिंह, सरदार गुरचरण सिंह मांजा, सरदार राजेंदर सिंह एवं सरदार सतेंदर सिंह मेहता उपस्थित थे। मौके पूर्व प्राचार्य डॉ पी शेखर, डॉ देवजानी विश्वास, डॉ एसके सिन्हा, डॉ शर्मिला बनर्जी उपस्थित थीं।

HINDUSTAN

DATED :- 21-04-25

# मेला बैसाखी दा में दिखी पंजाब की सभ्यता और संस्कृति

- बैसाखी के गीतों पर झूमा कालेज, जमकर थिरके पैर
- गुरुनानक कालेज में सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जागरण, धनबाद : बैसाखी के गीतों पर नाचती युवतियां, भांगड़ा करते युवक और ढोल नगाड़ों की धुन। यह नजारा था रविवार को शहर के गुरुनानक कालेज में आयोजित कार्यक्रम मेला बैसाखी दा का।

पंजाब की सभ्यता और संस्कृति की झलक दिखाते हुए बैसाखी के महत्ता को इस कार्यक्रम के माध्यम से जीवंत कर दिया गया। इस दौरान कालेज के छात्र-छात्राओं ने कुल 14 लोकगीतों और नृत्य की अपनी प्रस्तुतियां दीं। इस मौके पर कालेज शासी निकाय के अध्यक्ष सरदार आरएस चाहल, सचिव सरदार डीएस ग्रेवाल, प्राचार्य डा संजय प्रसाद, पूर्व प्राचार्य पी शेखर समेत कई विशिष्ट लोग इस कार्यक्रम के गवाह बने। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सरदार चहल ने कहा कि यह उत्सव पंजाब की सभ्यता और संस्कृति को समझने का पर्व है। इस जश्न की प्रासंगिकता भी है, ताकि आज के युवा देश के विविध रंगों को जानें और समझें। इस दौरान कालेज की वार्षिक पत्रिका के चौथे संस्करण बैसाखी 2025 का विमोचन भी किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले छात्र छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया। यह कार्यक्रम दो सत्र में आयोजित किया गया। संचालन डा मीना मालखंडी और दूसरे सत्र का संचालन निष्ठा सूद ने किया। कार्यक्रम में छात्र छात्राएं व उनके अभिभावक व शहर के गणमान्य लोग उपस्थित हुए।

DAINIK JAGRAN

DATED :- 21-04-25

# गुरु नानक कॉलेज में धूमधाम से मनाया गया बैशाखी पर्व






**धनबाद (कासं) :** रविवार की शाम गुरु नानक कॉलेज में धूमधाम से बैशाखी पर्व मनाया गया। इस मौके पर कॉलेज कैंपस भूदा के एसजेएस ग्रेवाल ऑडिटोरियम में एक सांस्कृतिक संध्या मेला बैशाखी दा का आयोजन किया गया।

इस रंगारंग और ऊर्जावान कार्यक्रम के अंतर्गत कॉलेज के सांस्कृतिक विभाग के सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने गीतों और नृत्यों का प्रदर्शनकर दर्शकों का मन मोह लिया। नृत्यों के माध्यम से पंजाब की गतिविधियों, परंपराओं और संस्कृति को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम में कुल १४ लोकगीतों और नृत्य की प्रस्तुतियां की गईं। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुनानक कॉलेज के प्राचार्य डॉ. संजय प्रसाद के स्वागत भाषण से हुई। कॉलेज के अध्यक्ष सरदार आर.एस. चाहल ने ऐसी समृद्ध संस्कृति का जश्न मनाने और उससे जुड़ने के लिए ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन की प्रासंगिकता के बारे में अपने विचार साझा किए। उक्त अवसर पर गुरु नानक कॉलेज की प्रतिष्ठित वार्षिक पत्रिका का चौथा संस्करण बैशाखी२०२५ का विमोचन किया गया। गुरु नानक कॉलेज के उन छात्र-छात्राओं को विशेष सम्मान से नवाजा गया जिन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन द्वारा कॉलेज का नाम रोशन किया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र का संचालन डॉ मीना मालखंडी ने किया। कल्चरल सत्र का संचालन मिसेज निष्ठा सूद ने किया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी, बड़ा गुरुद्वारा के अध्यक्ष सह कॉलेज शासी निकाय के सचिव सरदार डी.एस. ग्रेवाल ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कॉलेज के छात्रों और उनके प्रशिक्षकों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी, बड़ा गुरुद्वारा, की ओर से सरदार मंजीत सिंह सलूजा, सरदार तेजपाल सिंह, सरदार मंजीत सिंह, सरदार गुरचरण सिंह मांजा, सरदार राजेंदर सिंह एवं सरदार सतेंदर सिंह मेहता उपस्थित थे। कॉलेज शासी निकाय के सम्मानित सदस्य (अकादमिक) एवं कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो० पी० शेखर के सायसाथ शक्ति मंदिर, धनबाद के मानिंद सदस्य की उपस्थिति रही। गुरु गोबिंद सिंह स्टडी सर्किल, धनबाद के सदस्यगण, बिनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय के भूतपूर्व छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष, डॉ देबजानी विश्वास एवं डॉ एस. के. सिन्हा, बांग्ला विभाग की अवकाश प्राप्त प्राध्यापिका, डॉ. शर्मीला बनर्जी उपस्थित थी।

गुरु नानक कॉलेज धनबाद के समस्त शिक्षकगण एवं शिक्षकेत्तर कर्मी, कॉलेज पूर्ववर्ती छात्र संगठन के सदस्यगण, एनएसएस वॉलिंटियर्स, एनसीसी वॉलिंटियर्स एवं धनबाद शहर के सिख समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

BIHAR OBSERVER

DATED :- 21-04-25